लगातार समस्याओं से जूझ रही क्षेत्र की जनता : कमलेश्वर

सिहावल क्षेत्र की जनसमस्याओं एवं किसानों के हितों को लेकर धरना प्रदर्शन, राज्यपाल के नाम सौंपा गया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। सिहावल क्षेत्र की विभिन्न लंबित जनसमस्याओं, किसानों की परेशानियों तथा ग्रामीण हितों से जुड़े मुद्दों को लेकर पूर्व मंत्री एवं सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल ने कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, किसान, श्रमिक तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। धरना प्रदर्शन के पश्चात कमलेश्वर पटेल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में किसानों पर पड़ रहे आर्थिक दबाव, कृषि उपज पर आयात के संभावित प्रभाव, मनरेगा कार्यों में बाधाएं, बढ़े हुए बिजली बिल, लंबित पेंशन, आवास योजना की किस्तों में देरी, फसल बीमा से संबंधित समस्याएं, पेयजल व्यवस्था की खराब स्थिति, अवैध नशे के कारोबार, रेत परिवहन में अनियमितताएं, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी तथा क्षेत्र की अधोसंरचनात्मक समस्याओं सहित अनेक मुद्दों को विस्तार से रखा गया। ज्ञापन में यह भी प्रमुख रूप से उल्लेख किया गया कि अमेरिका के साथ हुए हालिया व्यापारिक समझौते के कारण कृषि क्षेत्र में विदेशी आयात बढ़ने की आशंका है जिससे गेहूं, सोयाबीन, मक्का सहित अन्य कृषि उत्पादों के दाम प्रभावित हो सकते हैं और मध्य प्रदेश सहित देशभर के किसानों की आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा उत्पन्न हो रहा है। इस विषय में किसानों के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु केन्द्र स्तर पर आवश्यक हस्तक्षेप की मांग भी की गई।

इसके अतिरिक्त ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों की फसलें और मकान क्षतिग्रस्त होने के बावजूद अब तक उचित सर्वे और मुआवजा नहीं दिया गया है जिससे ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत गंभीर हो गई है। साथ ही ललितपुर-सिंगरौली रेल परियोजना से प्रभावित किसानों को लंबित मुआवजा दिए जाने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल ने कहा कि क्षेत्र की जनता लगातार समस्याओं से जूझ रही है लेकिन प्रशासनिक स्तर पर अपेक्षित संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। ज्ञापन के माध्यम से राज्यपाल से अनुरोध किया गया कि सभी बिंदुओं पर त्वरित संज्ञान लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए जाएं, ताकि आम नागरिकों को राहत मिल सके तथा किसानों और श्रमिकों के हितों की रक्षा सुनिश्चित हो सके।

सर्वाइकल कैंसर रोकथाम के लिए नि:शुल्क एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

सीएमएचओ डॉ.बबिता खरे ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। सीएमएचओ डॉ.बबिता खरे द्वारा जानकारी दी गई कि 28 फरवरी से 14 साल की लड़कियों के लिए शासन द्वारा देशव्यापी एकल-खुराक एचपीवी टीकाकरण अभियान लांच किया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सिफारिश पर चलने वाला यह कार्यक्रम पहले 90 दिनों में लगभग 1.15 करोड़ पात्र लड़कियों को सरकारी हेल्थ-एंड-वैलनेस सेंटरों पर मुफ्त टीका लगाया जाएगा।

जिले के 6 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं जिला अस्पताल के एमसीएच केन्द्र में नि:शुल्क टीकाकरण किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ.बबिता ने यह भी बताया कि भारत में सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। सालाना 1.25 लाख केस और 75 हजार मौतें दर्ज होती हैं। किशोरावस्था में टीका लगवाने से 30 साल की उम्र तक कैंसर जोखिम 85 प्रतिशत घटता है। स्लॉट यू-विन पोर्टल से बुक किए जा सकेंगे। बाजार कीमत 3927 रुपए प्रति डोज के मुकाबले सरकार को गैवी वैक्सीन अलायंस से 2.6 करोड़ डोज मिलेंगी। शुरुआती 2 साल एमएसडी की गार्डसील वैक्सीन उपयोग होगी, स्वदेशी सर्वावाक को डब्ल्यूएचओ की मंजूरी का इंतजार है। वैक्सीन एचपीवी टाइप 16, 18 कैंसर-कारक तथा 6, 11 मस्से से सुरक्षा देती है। अभियान का लक्ष्य 14-वर्षीय लड़कियों को कवर करना है ताकि सर्वाइकल कैंसर का बोझ कम किया जा सके।

पीएम राहत योजना, तत्काल कैशलेस उपचार

सीएमएचओ डॉ.बबिता खरे की ने बताया कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की योजना पीएम राहत पीड़ितों के लिए हितार्थ योजना है इसका लक्ष्य सड़क हादसों में घायल लोगों को गोल्डन ऑवर के भीतर नि:शुल्क इलाज देना है। राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग या शहरी सड़क पर दुर्घटना होने पर पहले 7 दिन तक प्रति व्यक्ति रुपए 1.5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार। गैर-जीवन-घातक मामलों में 24 घंटे, जीवन-घातक में 48 घंटे स्थिरीकरण उपचार की गारंटी (पुलिस प्रमाणीकरण पर)। उन्होंने यह भी बताया कि ईडीएआर प्लेटफॉर्म को राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के टीएमएस 2.0 से जोड़ा गया है- सूचना से लेकर क्लेम निपटान तक पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन भुगतान मोटर वाहन दुर्घटना कोष से होती है। बीमा वाले वाहनों के खर्च बीमा कम्पनियां वहन करेंगी, बिना बीमा हिट एंड रन मामलों में केन्द्र सरकार का बजट उपयोग होगा। डायल 112 से एम्बुलेंस बुलाकर निकटतम नामित अस्पताल का पता लगाया जा सकेगा। जिले में शिकायत निवारण अधिकारी जिला सड़क सुरक्षा समिति अध्यक्ष कलेक्टर शिकायतों का निवारण करते हैं। डॉ.खरे ने कहा कि समय पर चिकित्सकीय देखभाल से लगभग 50 प्रतिशत सड़क दुर्घटना मौतें रोकी जा सकती हैं और यह योजना उस लक्ष्य को पाने का व्यावहारिक कदम है।

गोपालदास मंदिर में भंडारा आज

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। शहर के हृदय स्थल में बने अध्यात्म रामायण मंदिर मणिकूट आश्रम में दिनांक 28 फरवरी 2026 दिन शनिवार को श्री श्री 1008 श्री स्वामी श्री गोपाल दास महाराज का 103वीं जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया है।

जहां सर्वप्रथम गुरु सरिका का पाठ, भजन-कीर्तन, हवन आदि करके बड़े धूमधाम से प्रेम भाव से महाराज श्री का पूजन-अर्चन किया जाना है। वही 108 बार हनुमान चालीसा एक साथ एक समय एक दिन होना है। आप सभी भक्तगण 108 की माला हनुमान चालीसा की होने वाली है जिसमें सम्मिलित होकर अपने को धन्य करें। शहर के अलावा ग्रामीण अंचल के शिष्यों अनुयायियों से अपील करते हुए आध्यात्म रामायण मंदिर पुजारी संत शत्रुघ्न दास ने कहा कि स्वामी गोपाल दास जी महाराज की जय जयंती 103वीं है ऐसे महान संत की जयंती में सम्मिलित हो और प्रसाद ग्रहण करें।

दोपहर 2 बजे से हनुमान चालीसा का पाठ होना है समय का ध्यान रखते हुए पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं एवं विशाल भंडारे में सहभागी बने।

कमला कॉलेज में तनाव प्रबंधन विषय पर सेमिनार का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। कमला स्मृति महाविद्यालय पड़रा के सेमिनार हॉल में तनाव प्रबंधन विषय पर आज शुक्रवार को एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.रोहित सिंह चौहान द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

स्नातक द्वितीय वर्ष की छात्राएं दीपिका राव, अंशिका गुप्ता, कृतिका तिवारी, सुमन सिंह, पूजा बैस, मनीषा सिंह, स्नेहा सोनी, प्रिया सोनी एवं आस्था सिंह ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से तनाव के प्रमुख कारणों जैसे परीक्षा दबाव, समय प्रबंधन की कमी और व्यक्तिगत समस्याओं पर प्रकाश डाला। साथ ही तनाव के मानसिक एवं शारीरिक प्रभावों तथा प्रबंधन तकनीकों मेडिटेशन, योग, सकारात्मक सोच और समय प्रबंधन आदि की विस्तृत जानकारी साझा की। प्राचार्य डॉ.चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ रखना अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम संयोजक डॉ.मंगलेश्वर गुप्ता ने बताया कि तनाव जीवन का अभिन्न हिस्सा है किन्तु संयम, संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण से इसे अवसर में बदला जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन छात्रा श्रेया साकेत एवं प्रिया रावत ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

उन्नत कृषि यंत्रों के क्रय पर शासन दे रही आकर्षक अनुदान

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। राज्य शासन द्वारा वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में प्राथमिकता देते हुए कृषकों की आय वृद्धि, लागत में कमी एवं आधुनिक तकनीक के विस्तार पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2026-27 का कृषि बजट प्रदेश के किसानों को आत्मनिर्भर बनाने तथा कृषि को आधुनिक एवं संवहनीय स्वरूप प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इसी क्रम में जिले के कृषकों को उन्नत तकनीक आधारित कृषि यंत्र- हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मार्ट सीडर के क्रय पर शासन द्वारा आकर्षक अनुदान प्रदान किया जा रहा है। सहायक कृषि यंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक कृषक ई-कृषि यंत्र अनुदान पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 1 मार्च 2026 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन के लिए कृषकों को अपने नाम की भूमि की बी-1 प्रतिलिपि, बैंक पासबुक, ट्रैक्टर की आरसी, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कृषकों हेतु जाति प्रमाण पत्र तथा 4500 रुपये की धरोहर राशि (आवेदक के स्वयं के बैंक खाते से डिमांड ड्राफ्ट) अपलोड करना अनिवार्य होगा। विभाग द्वारा प्राप्त आवेदनों के आधार पर लक्ष्य निर्धारित किया जाएगा तथा लॉटरी की सूचना प्रकाशित कर शासन के नियमानुसार अनुदान वितरण की कार्यवाही की जाएगी।

सुपर सीडर- सुपर सीडर यंत्र से खेत की जुताई एवं बीज बुवाई एक साथ की जाती है। यह नरवाई/पराली एवं फसल अवशेष को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उर्वरता बढ़ाने में सहायक है। इससे धान की सीधी बुवाई भी की जा सकती है। इस यंत्र के उपयोग से जुताई-बुवाई की लागत पारंपरिक विधि की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत तक कम होती है।

हैप्पी सीडर- हैप्पी सीडर जीरो टिलेज तकनीक पर आधारित है, जो खेत में मौजूद नरवाई/पराली को काटकर मल्चिंग के रूप में बिछाते हुए बीज बुवाई करता है। इससे मिट्टी की नमी संरक्षित रहती है तथा उत्पादन में वृद्धि होती है। इसकी सहायता से जुताई-बुवाई की लागत लगभग 60 प्रतिशत तक कम की जा सकती है।

स्मार्ट सीडर- स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर का उन्नत विकल्प है, जो सीमित जुताई करते हुए बीज कतार में बुवाई करता है तथा शेष नरवाई को मिट्टी में दबा देता है। इससे नमी संरक्षण एवं उत्पादन में वृद्धि होती है। इस यंत्र से जुताई-बुवाई की लागत लगभग 50 प्रतिशत तक कम होती है।

सहायक कृषि यंत्री ने जिले के कृषकों से अपील की है कि वे किसान कल्याण वर्ष 2026 के अवसर पर उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाते हुए समय सीमा के भीतर आवेदन करें। आधुनिक यंत्रीकरण से समय पर बुवाई कर फसल को प्रतिकूल मौसम से बचाया जा सकता है, लागत कम की जा सकती है तथा उत्पादन और मुनाफा दोनों में वृद्धि सुनिश्चित की जा सकती है।

शिकरा में जारी है श्रीमद भागवत कथा, विशाल भंडारा कल

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। जिले से 30 किलोमीटर दूर ग्राम शिकरा हनुमान मंदिर मे 22 फरवरी से श्रीमद भागवत महापुराण कथा का कार्यक्रम चल रहा है।

कथावाचक पंडित चंद्रप्रताप मिश्रा शेर के द्वारा सुबह 8 बजे से 12 बजे एवं दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक हर दिन कथा का वाचन किया जा रहा है। जहां हर दिन अलग-अलग कथाओं का पावन प्रसंग सुनाया जा रहा है। आज शुक्रवार 27 फरवरी को उद्धव प्रसंग एवं रुक्मिणी विवाह का प्रसंग हुआ। 28 को सुदामा चरित्र, नवयुजेश्वर संवाद एवं कथा का विश्राम होगा। रविवार 1 मार्च को भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया जायेगा। यह आयोजन शिकरा गांव के ग्रामवासियों द्वारा किया गया है। केबी सिंह ने लोगो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर कथा का श्रवण करने एवं 1 मार्च को भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना के हितग्राहियों के परिजनों को सहायता वितरित

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। अग्रणी जिला प्रबंधक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 25 फरवरी 2026 को यूनियन बैंक ऑफइंडिया की शाखा हिनौती के शाखा प्रबंधक वरुण त्रिपाठी द्वारा ग्राहक सेवा की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई।

शाखा के ग्राहक छोटे लाल साहू के निधन उपरांत उनकी नामिनी राजकुमारी साहू को 2 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार दूसरे ग्राहक मिथिला सेन की आकस्मिक मृत्यु के पश्चात उनकी नामिनी सुनीता सेन को भी 2 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। चेक वितरण के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक अवध बिहारी चौधरी, आरसेटीआई निर्देशक शिवेन्द्र चौधरी, कुचवाही शाखा प्रबंधक अमित, एनआरएलएम अधिकारी अजय सिंह एवं उद्यानिकी विभाग से शिवेन्द्र पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक ए.बी.चौधरी ने शाखा प्रबंधक वरुण त्रिपाठी को ग्राहक सेवा में तत्परता एवं कर्मनिष्ठा के लिए सम्मानित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

भारतीय मजदूर संघ ने श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। भारतीय मजदूर संघ द्वारा महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर श्रमिकों एवं पदाधिकारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा देश की स्वतंत्रता के लिए उनके अमर बलिदान को याद किया।

संभागीय उपाध्यक्ष विकाश नारायण तिवारी ने चंद्रशेखर आजाद ने अपना संपूर्ण जीवन देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए समर्पित कर दिया। उनका त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति आज भी युवाओं और श्रमिकों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि आजाद ने यह सिद्ध कर दिया था कि सच्चा देशभक्त विपरीत परिस्थितियों में भी अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटता। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी में क्रांतिकारियों का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनके बताए मार्ग पर चलकर ही राष्ट्र को मजबूत बनाया जा सकता है। श्रमिकों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्रहित, श्रमिक हित और सामाजिक समरसता के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस अवसर पर रवि शुक्ला, नीरज नामदेव, राधे सोनी, संत वर्मा, विश्वनाथ गुप्ता, राजेश कोल सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता एवं श्रमिक उपस्थित रहे। समापन भारत माता के जयघोष और वंदे मातरम् के साथ किया गया।

सीधी जिला अंडर-13 क्रिकेट टीम के लिए 1 मार्च को ट्रायल

7 मार्च से रीवा में होगा इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। रीवा में 7 मार्च को आयोजित होने वाले इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर-13 में भाग लेने के लिए सीधी जिला टीम का चयन किया जाएगा।

इस संबंध में 1 मार्च को दोपहर 12 बजे से छत्रसाल स्टेडियम सीधी में ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। जिला क्रिकेट संघ सीधी द्वारा जारी सूचना के अनुसार ट्रायल में केवल वही खिलाड़ी भाग ले सकेंगे जिनकी जन्मतिथि 1 सितम्बर 2012 से 31 अगस्त 2015 के बीच है। खिलाड़ियों को अपने साथ जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अंतिम 3 वर्ष की मार्कशीट एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य रूप से लाने होंगे। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही खिलाड़ियों को ट्रायल में शामिल किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी, ताकि जिले की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाओं को टीम में स्थान मिल सके। चयनित टीम 6 मार्च को रीवा के लिए प्रस्थान करेगी और 7 मार्च से प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। जिला क्रिकेट संघ ने जिले के सभी पात्र एवं इच्छुक खिलाड़ियों से समय का विशेष ध्यान रखते हुए निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होने की अपील की है।

युवा केवल श्रोता बनकर न रहें, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझें : डॉ.राजेश

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी में विकसित भारत युवा संसद -2026 का आयोजन

नवभारत न्यूज

सीधी 27 फरवरी। युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में माय भारत पोर्टल के माध्यम से 26 फरवरी 2026 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जिले के युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करना तथा उन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना था।

समापन सत्र में सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत की संकल्पना केवल सरकार की योजना नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही साकार हो सकती है। उन्होंने कहा कि आज का युवा जागरूक, ऊर्जावान और तकनीकी रूप से सक्षम है इसलिए राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में उसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल सशक्तिकरण, स्टार्टअप प्रोत्साहन, बुनियादी ढांचे के विकास और आत्मनिर्भर भारत जैसे अनेक आयामों पर कार्य कर रही है जिससे युवाओं को आगे बढ़ने के व्यापक अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे केवल श्रोता बनकर न रहें, बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझें, अपने विचार तर्कपूर्ण ढंग से प्रस्तुत करें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। सांसद ने आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र अनेक चुनौतियों से गुजरकर और अधिक मजबूत हुआ है। इतिहास से सीख लेकर लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनभागीदारी की रक्षा करना युवाओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि देव कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझने और अपनी अभिव्यक्ति को सशक्त रूप से प्रस्तुत करने का मंच मिलता है। प्राचार्य डॉ.प्रभाकर सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से आयोजित इस प्रकार के कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जागरूकता एवं देश की शासन व्यवस्था को समझने की दृष्टि विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। प्रतियोगिता सत्र में प्रतिभागियों ने आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक विषय पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किए। युवाओं ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य, संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र की मजबूती पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में जिले के बड़ी संख्या में युवाओं की सहभागिता रही। अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह आयोजन महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

मेरिट में 5 स्थान प्राप्त करने पर मिलेगा विस में उद्बोधन का अवसर

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ.दिलीप कुमार सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत युवा संसद में माय भारत पोर्टल पर पंजीकृत जिले के 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवा प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रत्येक प्रतिभागी को 3 मिनट का वक्तव्य देने का अवसर प्रदान किया गया, जिनका मूल्यांकन जूरी समिति द्वारा किया गया। मेरिट में शीर्ष 5 स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को प्रदेश विधानसभा में उद्बोधन का अवसर प्राप्त होगा।